909. अधोलिखित में से कौन-सा दुर्ग 'धान्वन दुर्ग' की श्रेणी में रखा जाता है?
(a) चित्तौड़गढ़ दुर्ग
(b) गागरोण दुर्ग (झालावाड़)
(c) मेहरानगढ़ दुर्ग (जोधपुर)
(d) सोनारगढ़ (जैसलमेर)

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (d) : राजस्थान में बने दुर्गों को उनके निर्मित क्षेत्र के आधार पर कई वर्गों में बाँटा गया है, जैसे- धान्वन दुर्ग, जल दुर्ग, एरण दुर्ग आदि। ऐसे दुर्ग जो रेगिस्तान में बना हो तथा जिसके चारों तरफ मरुभूमि हो, वह धान्वन दुर्ग कहलाता है। जैसलमेर का सोनारगढ़ व भटनेर दुर्ग इसी प्रकार का दुर्ग है जबकि गागरोन दुर्ग (जल दुर्ग), मेहरानगढ़ व चित्तौड़गढ़ दुर्ग (गिरी दुर्ग) तथा रणथम्भौर दुर्ग (एरण दुर्ग) है।

910. 'धान्वन दुर्ग' _______ के बीच स्थित है?
(a) जंगल (b) रेगिस्तान
(c) जल (d) पहाड़ियों

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

911. निम्न में से कौन सा दुर्ग धान्वन दुर्ग है?
(a) गागरोण दुर्ग (b) आमेर का दुर्ग
(c) जैसलमेर दुर्ग (d) अचलगढ़

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

912. वह दुर्ग जिसके चारों ओर खाई होती है वह ....दुर्ग कहलाता है।
(a) एरण (b) पारिख
(c) पारिधि (d) धन्वन

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (b) – आचार्य शुक्राचार्य की शुक्र नीति में 9 प्रकार के दुर्गों का उल्लेख मिलता है-गिरी, वन, औदक, धान्व, पारिख, सैन्य, सहाय, पारिध तथा एरण दुर्ग। पारिख दुर्ग के चारों तरफ गहरी खाई होती थी। भरतपुर का लोहागढ़ दुर्ग पारिख दुर्ग का उदाहरण है।

913. सुदर्शनगढ़ का किला निम्नलिखित में से किस दुर्ग का अन्य नाम है?
(a) तारागढ़ दुर्ग (बूंदी) (b) जालौर दुर्ग
(c) नाहरगढ़ दुर्ग (जयपुर) (d) जयगढ़ दुर्ग (जयपुर)

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : प्राचीन नाहरगढ़ किले का निर्माण 1734 ई. में जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के कराया था। पहले इसका सुदर्शनगढ़ का किला था। यह किला अरावली पर्वतमाला पर स्थित है। यहाँ पर माधोसिंह ने एक समान 9 महल बनवाये।

914. एक जैसे भी महल किस किले में बने हुए हैं?
(a) तारागढ़ (b) नाहरगढ़
(c) चित्तौड़गढ़ (d) गागरोण

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

915. निम्न में से किसे 'मारवाड़ का ताजमहल' कहा जाता है?
(a) जगमंदिर महल (b) लालगढ़ महल
(c) जसवंत थड़ा (d) बड़ा बाग

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : मारवाड़ का ताजमहल 'जसवंत थड़ा' को कहा जाता है यह मेहरानगढ़ किले के सामने की पहाड़ी पर स्थित है। इसका निर्माण 1904 ई. में किया गया था।

916. जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग का निर्माण किसने करवाया?
(a) महाराजा उम्मेदसिंह (b) राजा रामसिंह
(c) राव जोधा (d) राजा नरसिंह

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) : जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग का निर्माण 1459 ई. में राव जोधा ने कराया था। मयूर की आकृति होने के कारण इस किले को मयूरध्वजगढ़ (मोरध्वजगढ़) भी कहते हैं। यह किला चिड़ियाटुँक पहाड़ी पर निर्मित है। यहाँ पर किलकिला तोप रखी गयी है।

917. ''किलकिला'' तोप का संबंध निम्न में से किस दुर्ग से है?
(a) आम्बेर दुर्ग (जयपुर) (b) मेहरानगढ़ (जोधपुर)
(c) जूनागढ़ (बीकानेर) (d) चित्तौड़गढ़ दुर्ग

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

918. जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग किस पहाड़ी पर स्थित है?
(a) गिरि सुमेल (b) बड़ी टेकरी
(c) चिड़ियाँ टूंक (d) मसुरिया पहाड़ी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

919. अचलगढ़ दुर्ग कहाँ स्थित है?
(a) गागरोण (b) मांडलगढ़
(c) अलवर (d) माउंट आबू

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (d) : अचलगढ़ दुर्ग 'माउंट आबू' (सिरोही) में स्थित है। इसका निर्माण 14 वीं शताब्दी में महाराणा कुंभा द्वारा गुजरात आक्रमण से रक्षा हेतु 1452 ई. में कराया गया था। इस किले में अचलेश्वर महादेव मंदिर व अन्य मंदिर स्थित है। यह भी कहा जाता है। कि अचलगढ़ के प्राचीन किले का निर्माण 900ई० में परमार राजाओं द्वारा किया गया था। यह परमारों की राजधानी थी।

920. 'अचलगढ़ का दुर्ग' किसने बनवाया?
(a) महाराणा कुम्भा (b) राणा सांगा
(c) पृथ्वीराज चौहान (d) उदयसिंह

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

921. सैयद मीरान साहब की दरगाह किस किले में स्थित है?
(a) तारागढ़ दुर्ग, अजमेर
(b) मेहरानगढ़ दुर्ग, जोधपुर
(c) गागरोन दुर्ग, झालावाड़
(d) जूनागढ़ दुर्ग, बीकानेर

कनिष्ठ अनुदेशक (फीटर) परीक्षा-2018
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (a) : सैयद मीरान साहब की दरगाह तारागढ़ दुर्ग, अजमेर में स्थित है। तारागढ़ दुर्ग का निर्माण, अरावली की एक पहाड़ी पर अजयपाल ने 1194ई. में अजयमेरू दुर्ग के नाम से करवाया था। मेवाड़ के महाराणा रायमल के पुत्र कुंवर पृथ्वीराज द्वारा अपनी पत्नी ताराबाई के नाम पर इस दुर्ग का नाम तारागढ़ रखा गया। तारागढ़ दुर्ग को गढ़बीठली के नाम से जाना जाता है।